# बिहार विधान परिषद

**(203 बजट सत्र)**

## 24 मार्च 2023

----

**[शिक्षा - खान एवं भूतत्व - कला, संस्कृति एवं युवा विज्ञान एवं प्रावैधिकी ].**

**कुल प्रश्न 33**

----

### अर्जित अवकाश का लाभ कबतक

***422 प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के नियोजित शिक्षकों एवं पुस्तकालयाध्यक्षों का अर्जित अवकाश पुराने नियमित शिक्षकों की भांति 300 दिन का न होकर 120 दिनों का है;

(ख) क्या यह सही है कि नियोजित शिक्षकों एवं पुस्तकालयाध्यक्षों का अर्जित अवकाश का कोई वित्तीय लाभ नहीं दिया जाता है;

(ग) क्या यह सही है कि नियोजित शिक्षकों एवं पुस्तकालयाध्यक्षों को मिलने वाले अर्जित अवकाश लागू करने हेतु दिशा-निर्देश विभाग द्वारा स्पष्ट नहीं है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नियोजित शिक्षकों एवं पुस्तकालयाध्यक्षों को पुराने शिक्षकों की भांति अर्जित अवकाश कबतक देना चाहती है?

----

### मूल प्रमाणपत्र निर्गत कबतक

***423 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU) द्वारा सत्र 2009-11 में प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों के प्रायोगिक परीक्षा – 1 में ग्रेड अंकित नहीं किये जाने के कारण उन शिक्षकों को मूल प्रमाण-पत्र हस्तगत नहीं कराया जा रहा है, जिसके कारण ऐसे प्रभावित कई शिक्षकों की सेवा पर खतरा है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इग्नू (IGNOU) क्षेत्रीय कार्यालय, पटना को संबंधित प्रभावित शिक्षकों का ग्रेड प्रायोगिक परीक्षा में अंकित करते हुए मूल प्रमाण-पत्र निर्गत कराने का निदेश देना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## भवन निर्माण कबतक

***424 श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में 6 हजार 245 प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय का अपना भवन नहीं है, जिसमें सबसे ज्यादा मोतिहारी में 341 एवं पटना में 420 भवनहीन विद्यालय हैं और इनमें से सबसे ज्यादा संख्या प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय की है;

(ख) क्या यह सही है कि भवनहीन विद्यालय के कारण सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों को होती है और बहुत बड़ी संख्या में बच्चे इसके कारण ड्राप आउट हो जाते हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक राज्य के 6 हजार 245 प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय का भवन निर्माण करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## स्थानांतरण कबतक

***425 डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि कुछ वर्षों से नियोजित शिक्षकों का स्थानांतरण सरकार द्वारा उनके गृह जिला में करने की योजना है;

(ख) क्या यह सही है कि सरकार नया सॉफ्टवेयर होने एवं नई नियमावली का हवाला दे कर स्थानांतरण की प्रक्रिया में कई वर्षों से टाल-मटोल कर रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार नियोजित शिक्षकों का स्थानांतरण उनके गृह जिला में कबतक करना चाहती है तथा अभी तक इसकी क्या कार्य योजना तैयार हुई है?

----

## भवन की मरम्मती

***426 श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या मंत्री, **कला, संस्कृति एवं युवा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के नारद संग्रहालय में 5000 से अधिक दुर्लभ वस्तुएं संग्रहीत हैं;

(ख) क्या यह सही है कि इस संग्रहालय का मरम्मती कार्य बहुत दिनों से नहीं होने के कारण बेसकीमती कलाकृतियां एवं पुरातात्विक वस्तुएं क्षतिग्रस्त हो रही हैं;

(ग) क्या यह सही है कि भवन निर्माण विभाग ने लगभग डेढ़ साल पहले इस संग्रहालय के अर्धनिर्मित भवन एवं लम्बित भवन विस्तार के लिए कार्य योजना तैयार कर कला, संस्कृति एवं युवा विभाग को भेजा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस संग्रहालय की मरम्मती एवं लम्बित भवन विस्तार कार्य कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## किसी संस्था का नाम देने का विचार

***427 प्रो. गुलाम गौस (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **कला, संस्कृति एवं युवा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि शैलेन्द्र जी विश्वविख्यात गीतकार एवं लेखक थे;

(ख) क्या यह सही है कि शैलेन्द्र जी बिहार की माटी (आरा, भोजपुर) के लाल थे;

(ग) क्या यह सही है कि भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न पुरस्कर से सम्मानित किया है;

(घ) क्या यह सही है कि राज्य सरकार पटना में उनके नाम से किसी संस्था का नाम रखकर उन्हें सम्मानित करना चाहती है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक पटना में किसी संस्था का नाम उनके नाम से मंसूब करेगी?

----

## इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने का विचार

***428 श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **विज्ञान एवं प्रावैधिकी** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के 38 जिलों के 534 अंचलों में इंजीनियरिंग महाविद्यालय स्थापित कर संचालित किए जा रहे हैं;

(ख) क्या यह सही है कि गया जिला के मोहड़ा अंचल के कजूर ग्राम के करमा पोखर के टांड़ पर खाता नं. – 2288, प्लॉट नं. – 48 में बहुत दिनों से स्थानीय लोगों द्वारा सरकारी इंजीनियरिंग महाविद्यालय खोलने की मांग की जा रही है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त प्रखण्ड के छात्र-छात्राओं को एक ओर इंजीनियरिंग की पढ़ाई में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है तो दूसरी ओर संबंधित सक्षम पदधारक और सक्षम पदाधिकारी उक्त स्थिति में संतुष्ट हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'ख' पर अंकित खाता नं. – 2288, प्लॉट नं. – 48 पर इंजीनियरिंग कॉलेज खोलना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## वेतन विसंगति दूर करने पर विचार

***429 श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का वेतन निर्धारण 01 जुलाई, 2015 को हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि 01 जुलाई, 2015 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों का वेतन निर्धारण तीन साल पर एक वेतन वृद्धि देकर किया गया, जबकि 2016 से वार्षिक वेतन वृद्धि देकर वेतन निर्धारण किया जा रहा है, जिसके कारण 2015 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों में तीन-तीन साल में नियुक्त शिक्षकों का वेतन एक होने से अभी वेतन विसंगति हो गई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन संस्थानों में 2015 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को भी वार्षिक वेतन वृद्धि देकर वेतन निर्धारण कर वेतन विसंगति दूर करेंगी, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## प्रतिमाओं का संरक्षण

***430 श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **कला, संस्कृति एवं युवा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के अन्य जिलों में पुरातात्विक महत्व की मूर्तियां

संरक्षण के अभाव में नष्ट हो रही हैं;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार के अन्य जिलों में मिल रही प्राचीन काल की प्रतिमाएं संरक्षण के अभाव में नष्ट हो रही हैं, ये जमींदोज प्रतिमाएं जमीन से मिट्टी कटाई, तालाब की खुदाई आदि के दौरान मिल रही हैं परन्तु अधिकतर पुरातात्विक महत्व की प्रतिमाएं थाने के मालखानों में नष्ट हो रही है;

(ग) क्या यह सही है कि भारत सरकार के इंडियन ट्रेजर एवं ट्रोव एक्ट 1878 के अनुसार पुरातात्विक महत्व की सामाग्री मिलने पर उसे नजदीक के सरकारी संग्रहालय में रख कर शोध व संरक्षण का प्रावधान है इसके बावजूद अधिकतर प्रतिमाएं संग्रहालय में जमा नहीं कराई गई हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्राचीन काल की प्रतिमाएं संरक्षित करने के लिए क्या ठोस कदम उठा रही है?

----

## प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र कबतक

*431 **श्री सच्चिदानंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या मंत्री, **कला, संस्कृति एवं युवा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि खेल दिवस के अवसर पर प्रदेश के ख्याति प्राप्त खिलाड़ियों को बिहार सरकार प्रोत्साहन राशि के साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करती है;

(ख) क्या यह सही है कि वर्ष 2022 में सारण जिला के ख्याति प्राप्त खिलाड़ियों को राज्य सरकार द्वारा 19 अगस्त 2022 को खेल दिवस के अवसर पर पटना बुलाकर उन्हें प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र नहीं दिया गया;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ख्याति प्राप्त खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने हेतु उन्हें प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## वेतन भुगतान कबतक

*432 **श्री अजय कुमार सिंह (सहरसा स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, लालूनगर, मधेपुरा में वर्ष 2017 में 86 कर्मियों की स्थाई नियुक्ति हुई थी;

(ख) क्या यह सही है कि माननीय उच्च न्यायालय ने वर्ष 2017 में नियुक्त 86

कर्मियों के वेतन भुगतान का आदेश दिया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के 86 कर्मियों का वेतन भुगतान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## बुनियादी सुविधा कबतक

***433 श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत नगर प्रखण्ड के कादीपुर पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कादीपुर में लगभग 668 छात्र/छात्राएं शिक्षारत हैं;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं यथा – टेबल, बेंच, बिजली, शौचालय आदि का घोर अभाव होने के कारण छात्रों विशेषकर छात्राओं को अत्यंत ही कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में शीघ्र ही बेंच, टेबल, बिजली, शौचालय आदि बुनियादी सुविधाओं को उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## कार्रवाई पर विचार

***434 श्रीमती रीना देवी उर्फ रीना यादव (स्थानीय प्राधिकार, नालन्दा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि वित्त विभाग के परिपत्र सं० – 7746, दिनांक – 16.11.2000 व सचिव (व्यय), वित्त विभाग के ज्ञापांक – 5770, दिनांक – 10.11.2020 एवं शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के पत्रांक – 730, दिनांक – 07.12.2021 के अनुसार राज्य के शिक्षकों का वेतन निर्धारण करने के क्रम में शिडयूल –II के न्यूनतम प्रक्रम की अनुमान्यता का प्रावधान नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि सरकार के उक्त सभी पत्रों का उल्लंघन करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी, पटना एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी-सह-निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, पटना के द्वारा हजारों शिक्षकों को पांच से पंद्रह लाख रुपये तक का एरियर भुगतान किया गया साथ ही वेतनमान भी ज्यादा दिया जाता रहा है जिससे करोड़ों रुपये की राजकोषीय क्षति हुई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों पदाधिकारियों के विरुद्ध वित्तीय अनियमितता का दोषी मानते हुए कठोर अनुशासनिक कार्रवाई करने का विचार रखती है?

----

## महाविद्यालय निर्माण कबतक

*435 **श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के रजौली अनुमंडल में एक भी महिला महाविद्यालय स्थित नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि महाविद्यालय नहीं होने के कारण महिलाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु दूर-दराज के इलाकों में जाना पड़ता है या शिक्षा से वंचित होना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रजौली अनुमंडल में छात्रों के हित में महाविद्यालय निर्माण करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## विस्तृत कार्य योजना का निर्णय

*436 **श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **कला, संस्कृति एवं युवा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला की सौराठ सभा की तरह मिथिला में 26 सभा स्थल हुआ करते थे जहां विद्वतसंगोष्ठी के माध्यम से पंजी संधारण, विवाह आदि की औपचारिकता सहित मिथिला के अन्य सांस्कृतिक पक्षों पर विचार-विमर्श हुआ करता था;

(ख) क्या यह सही है कि जमींदारी उन्मूलन के पश्चात पंजी प्रबंध की सारी जिम्मेवारी सरकार के अधीन आ गई है यही कारण है कि विवाह संबंधी निबंधन का अधिकार अब सरकार के पास है;

(ग) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा पंजियों के सम्यक प्रबंधन रखरखाव और अस्वजन पत्र निर्माण सहित ऐतिहासिक सभा स्थलों की व्यवस्था एवं देख-रेख तथा इन सभा स्थलों के पुनर्जागरण हेतु कारगर कदम अभी तक नहीं उठाए गए हैं;

(घ) क्या यह सही है कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण

कार्य है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन विषयों पर गहन अध्ययन कर एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने हेतु निर्णय लेना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## प्राथमिक विद्यालय की मरम्मती

***437 श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि जिला – मधुबनी, प्रखण्ड – राजनगर, पंचायत – कैथाही, ग्राम – जंघेला में एक राजकीय प्राथमिक विद्यालय जंघैला – कैथाही नाम से है;

(ख) क्या यह सही है कि यह विद्यालय पहली कक्षा से पांचवीं तक है लेकिन इस विद्यालय की इमारत खंडहर हो गई है एवं इस विद्यालय में न तो शौचालय, खिड़कियां हैं एवं विद्यालय की दीवारों में दरारें पड़ चुकी है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जिला – मधुबनी, प्रखण्ड – राजनगर, पंचायत – कैथाही, ग्राम – जंघेला में राजकीय प्राथमिक विद्यालय की मरम्मती एवं अन्य आवश्यक चीजों को दुरुस्त करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अधिसूचना निर्गत

***438 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, सीतामढ़ी का पद महीनों से रिक्त है एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, शिवहर को सीतामढ़ी का अतिरिक्त प्रभार देने के कारण दोनों के कार्य प्रभावित हो रहे हैं;

(ख) क्या यह सही है कि अब तक सीतामढ़ी में जिला शिक्षा पदाधिकारी का पदस्थापन नहीं होने के कारण स्थापना, लेखा, विद्यालय निरीक्षण सहित अनेकानेक

कार्य लंबित पड़े हुए हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जिला शिक्षा पदाधिकारी, सीतामढ़ी के पद पर शीघ्र पदस्थापन अथवा जिला के किसी वरीय कार्यक्रम पदाधिकारी को जिला शिक्षा पदाधिकारी, सीतामढ़ी का प्रभार सौंपने संबंधी अधिसूचना निर्गत करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## शिक्षकों एवं व्याख्याता की नियुक्ति

*439 **श्री अनिल कुमार (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सभी विश्वविद्यालयों के अन्तर्गत सभी महाविद्यालयों में व्याख्याता एवं शिक्षकों के पद विगत 10 वर्षों से रिक्त पड़े हुए हैं;

(ख) क्या यह सही है कि महाविद्यालयों की भांति सूबे के कई तकनीकी एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों के पद कई वर्षों से रिक्त है;

(ग) क्या यह सही है कि शिक्षकों की कमी एवं शैक्षिक कैलेण्डर पूरा नहीं होने से छात्रों के कैरियर निर्माण में सूबे के युवाओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सूबे के महाविद्यालयों में रिक्त पदों पर शिक्षकों एवं व्याख्याता की नियुक्ति करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## विद्यालय भवन निर्माण

*440 **श्री दिलीप कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिला में 200 से ज्यादा नवसृजित विद्यालय हैं;

(ख) क्या यह सही है कि नवसृजित विद्यालय का अपना भवन नहीं है;

(ग)	क्या यह सही है कि विद्यालय का अपना भवन नहीं रहने के कारण बच्चे का पठन-पाठन बाधित हो रहा है;

(घ)	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नवसृजित विद्यालय का अपना भवन निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## स्टेडियम का जीर्णोद्धार

*441	**श्री जनक राम (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **कला, संस्कृति एवं युवा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क)	क्या यह सही है कि गोपालगंज जिला अंतर्गत VM फील्ड (पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम) बदहाल स्थिति में है;

(ख)	क्या यह सही है कि यहां पर नौजवान युवा अपनी प्रतिभाओं को निखारने के क्रम में क्रिकेट एवं अन्य खेल खेलने का प्रयास करते हैं;

(ग)	क्या यह सही है कि यहां शहर की आधी आबादी सुबह योगाभ्यास भी करती है;

(घ)	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प. दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अपीलीय प्राधिकार का गठन

*442	**श्रीमती निवेदिता सिंह (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क)	क्या यह सही है कि बिहार में नियोजित शिक्षकों की बहाली की प्रक्रिया चल रही है;

(ख)	क्या यह सही है कि बिहार सरकार द्वारा बहाली में पारदर्शिता रखने के लिए राज्य के सभी जिलों में अपीलीय प्राधिकार के गठन की आवश्यकता है;

(ग) क्या यह सही है कि पटना उच्च न्यायालय द्वारा 1 फरवरी तक प्राधिकार का गठन करने हेतु समय दिया गया था;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बताएगी कि वह राज्य के सभी जिलों में अपीलीय प्राधिकार का गठन कबतक करेगी एवं क्या वह अपीलीय प्राधिकार में सेवानिवृत्त न्यायाधीश को रखने का विचार रखती है?

----

## संरक्षण संबंधी निर्णय

***443 प्रो. (डा.) वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार में NIOS से सेवाकालीन प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों के सम्बन्ध में निदेशक, प्राथमिक शिक्षा ने पत्रांक संख्या – 07/मु०-1-268/2022/02, दिनांक – 05.01.2023 के द्वारा की गई सेवावधि को अमान्य कर दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि यह प्राथमिक शिक्षकों के साथ अन्यायपूर्ण निर्णय है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्षों से कार्यरत शिक्षकों को उनकी सेवावधि का संरक्षण संबंधी निर्णय लेना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## छात्रवृत्ति देने पर विचार

***444 श्री मो. सोहैब (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि अन्य छात्राओं के समान फर्स्ट डिविजन से आलिम आनर्स पास छात्राओं को 50 हजार रुपया छात्रवृत्ति के रूप में दिए जाते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि मौलाना मजहरूल हक अरबी व फारसी विश्वविद्यालय 120 संबद्ध मदरसों की आलिम आनर्स उत्तीर्ण छात्राओं को 2021 से छात्रवृत्ति की राशि का भुगतान नहीं किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त 120 संबद्ध मदरसों की आलिम आनर्स उत्तीर्ण छात्राओं को छात्रवृत्ति देने का इरादा रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## विद्यालय प्रांगण में मिनी स्टेडियम का निर्माण

***445 श्रीमती अम्बिका गुलाब यादव (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **कला, संस्कृति एवं युवा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखण्ड में टेकनाथ +2 उच्च विद्यालय है;

(ख) क्या यह सही है कि रहिका प्रखण्ड में एक भी छोटा बड़ा स्टेडियम नहीं रहने के कारण खेल प्रतियोगिता एवं खेलने कूदने में स्थानीय लोगों को अन्यत्र जाने के लिए विवश होना पड़ता है;

(ग) क्या यह सही है कि टेकनाथ उच्च विद्यालय +2 में काफी बड़ा मैदान मौजूद है जिसे मीनी स्टेडियम के रूप में विकसित किया जा सकता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रहिका प्रखंड स्थित टेकनाथ +2 उच्च विद्यालय के प्रांगण में मीनी स्टेडियम के रूप में विकसित करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

**संबद्धता प्रदान कबतक**

***446 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक)ः**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवरसा प्रखंड के विराटपुर गांव में मांडवी रंजीत इंटर कॉलेज, आर.एस. महिला इंटर कॉलेज, माण्डवी रंजीत (डिग्री) कॉलेज एवं संस्कृत विद्यालय संचालित हैं;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त डिग्री महाविद्यालय की संबद्धता हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सारी विहित प्रक्रिया अपनाते हुए उच्च शिक्षा विभाग को अनुमोदन हेतु प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन विभाग द्वारा इस प्रस्ताव को जान-बूझकर लंबित रखा गया है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त कॉलेज के आरोपों की जांच हेतु विभागीय उप सचिव, शिक्षा विभाग के पत्रांक – 263, दिनांक – 30.03.2022 द्वारा जिला पदाधिकारी सहरसा को निर्देशित किया गया, विशेष निदेशक (मा.शि.) बिहार के पत्रांक – 302, दिनांक – 30.03.2022 द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहरसा द्वारा जांच करायी गई, पुनः निदेशक उच्च शिक्षा विभाग के पत्रांक – 331, दिनांक – 25.03.2022 के द्वारा करायी गई है, जिससे कोई भी त्रुटि नहीं पाई गई;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गरीब छात्र-छात्राओं के हित को देखते हुए उक्त कॉलेज को संबंद्धता प्रदान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## विद्यालयों के निबंधन एवं नवीकरण का विचार

***447 डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत नवादा जिला में लगभग 150 निजी विद्यालयों का निबंधन अथवा नवीकरण लंबित है;

(ख) क्या यह सही है कि नियमानुसार निबंधन एवं नवीकरण का यह कार्य दिसम्बर 2022 तक हो जाना चाहिए था;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निजी विद्यालयों के निबंधन/नवीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## स्टेडियम का निर्माण कबतक

***448 प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **कला, संस्कृति एवं युवा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री खेल विकास योजनान्तर्गत मधुबनी जिला के घोघरडीहा प्रखण्ड में अवस्थित मानक भू-खण्ड को चिन्हित करते हुए जिला पदाधिकारी, मधुबनी ने अपने पत्रांक – 562/उपा०, शा० शिक्षा, दिनांक – 23.12.2019 के द्वारा प्रखण्ड स्तरीय आउटडोर स्टेडियम के निर्माण हेतु प्रधान सचिव, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार से अनुरोध किया था;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बतायेगी कि इस दिशा में अबतक क्या कार्रवाई की गई है और उसका परिणाम क्या है तथा यदि किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है तो इसका औचित्य क्या है, क्या सरकार अब भी इस दिशा में कोई कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## डिग्री कॉलेज खोलने की कार्रवाई

***449 डा. दिलीप कुमार जायसवाल (पूर्णिया, अररिया स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पूर्णिया जिलान्तर्गत रूपौली प्रखण्ड मुख्यालय में डिग्री कॉलेज नहीं रहने के कारण लगभग 20 पंचायतों के छात्र एवं छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड मुख्यालय में डिग्री कॉलेज खोलने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## सत्यापन प्रतिवेदन उपलब्ध कबतक

***450 श्री भीसम साहनी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से विभिन्न वर्षों में उत्तीर्ण छात्रों का किसी सरकारी सेवा में चयन होने पर संबंधित संस्थान/नियोक्ता से उनके प्रमाण पत्रों का सत्यापन समिति कार्यालय से कराए जाने हेतु शुल्क एवं सत्यापन प्रमाण पत्र भेजने की समय-सीमा निर्धारित है;

(ख) क्या यह सही है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, रांची द्वारा दिनांक – 01.10.2022 को सशुल्क, पुनः 14.11.2022 को समिति की अधियाचना पर अवशेष शुल्क की राशि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को उपलब्ध कराने के बावजूद सत्यापन प्रतिवेदन जिला शिक्षा कार्यालय, रांची को नहीं भेजा गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सदन को प्रमाण पत्रों के सत्यापन शुल्क एवं निर्धारित समय-सीमा से अवगत कराने तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी, रांची को उनके पत्रांक – 2693, दिनांक - 14.11.2022 के आलोक में प्रमाणपत्र सत्यापन प्रतिवेदन कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है?

----

## दोषी के विरुद्ध कार्रवाई

***451 श्री ललन कुमार सर्राफ (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पटना उच्च न्यायालय के न्यायादेश दिनांक – 07.04.2017 एवं दिनांक – 16.05.2018 में क्रमशः 03 माह एवं पुनः 06 माह के अन्दर डी.एन. कॉलेज, मसौढ़ी, पटना में तदर्थ समिति के स्थान पर नियमित शासी निकाय का गठन करने का न्यायादेश कुलपति, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय को दिया था, जिसे अत्यंत विलंब से अधिसूचना दिनांक – 05.09.2022 के द्वारा शासी निकाय का गठन किया गया है जो विश्वविद्यालय अधिनियम धारा 60(1)-(V) तथा परिनियम 3 (11) के तहत दानदाता सदस्य का निर्वाचन कराये बिना परिनियम 1 (IV)

के तहत जिले के निवासी के स्थान पर बाहरी विधान पार्षद को मनोनीत किया है;

(ख) क्या यह सही है कि कॉलेज के इंटर सत्र 2012-2014 के सरकारी अनुदान 50,00,000/- (पचास लाख) रुपये का वितरण तदर्थ समिति के द्वारा सरकार के विभागीय संकल्प संख्या – 1846, दिनांक – 21.11.2008 के अनुरूप नहीं किया गया है तथा सत्र 2009-12 एवं 2010-13 के आवंटित डिग्री अनुदान 03 करोड़ (तीन करोड़) रुपये वितरण के निर्णय में भारी गड़बड़ी की गई है;

(ग) क्या यह सही है कि गणित, सांख्यिकी, राजनीतिशास्त्र एवं दर्शनशास्त्र के कर्मियों को संबंधन 1998 में ही समाप्त हो गया है फिर भी उन्हें अनुचित रूप से 30 लाख रुपये भुगतान किया जा रहा है जबकि गृह विज्ञान, लोक प्रशासन, बौद्ध अध्ययन एवं मैथिली विषयों में स्थायी संबंधन होते हुए भी कर्मियों को अनुदान से वंचित किया जा रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विश्वविद्यालय कुलपति एवं तदर्थ समिति के दोषी सदस्यों के विरुद्ध समुचित कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## राशि का भुगतान

***452 श्री अफाक अहमद खां (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला में सत्र 2017-18 से अबतक वर्गानुसार शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत निजी विद्यालयों के बी.पी.एल. छात्रों के लिए देय प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया गया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार प्रोत्साहन राशि के भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## बकाये राशि का भुगतान

***453 श्री देवेश कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने वित्तीय वर्ष 2021-2022 का बकाया राशि 1,89,510 एवं 2022-2023 में 2,52,720 कुल 4,42,260 (चार लाख बयालीस हजार दो सौ साठ रुपये) है;

(ख) क्या यह सही है कि संविदा पर नियोजित परिचारी का भुगतान नहीं किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि मुख्य शीर्ष 3456 सिविल पूर्ति उप मुख्य शीर्ष 00, लघु शीर्ष 01 निदेशन और प्रशासन मांग सं. – 18, उपशीर्ष – 0002 जिला प्रभार विपत्र कोड सं. – 18-3456000010002 गैर योजना अन्तर्गत व्यावसायिक एवं विशेष सेवाएं (संविदा आधारित सेवा निवृत्त परिचारी के लिए) 28 02 मद से सेवा निवृत्ति परिचारी का बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वित्तीय वर्ष 2021-2022 एवं 2022-2023 का बकाया राशि देने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## आवंटन का विचार

***454 श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

क्या मंत्री, **कला, संस्कृति एवं युवा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिला के नबीनगर प्रखण्ड अंतर्गत कंकेर पंचायत के बड़ेम ग्राम में अत्यंत प्राचीन सूर्य राघव मंदिर है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त मंदिर के प्रांगण में वर्ष – 1990 से ही प्रति वर्ष मार्च महीने के अंतिम सप्ताह में सूर्य राघव न्यास समिति बड़ेम द्वारा भव्य महोत्सव का आयोजन किया जाता है जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त मंदिर प्रांगण में मार्च महीने के अंतिम सप्ताह में सूर्य राघव महोत्सव के आयोजन हेतु जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद के पत्रांक – 487/सा०, दिनांक – 03.03.2023 द्वारा निदेशक, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है तथा जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद के पत्रांक – 488/सा०, दिनांक – 03.03.2023 द्वारा सचिव, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग से उक्त महोत्सव के आयोजन हेतु 25 लाख रुपये का आवंटन उपलब्ध कराने की मांग की गयी है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जन भावनाओं का सम्मान करते हुए उक्त मंदिर प्रांगण में मार्च महीने के अंतिम सप्ताह में सूर्य राघव महोत्सव आयोजित करने तथा उक्त महोत्सव के आयोजन हेतु 25 लाख रुपये का आवंटन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

- - - -